समाचार

कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित हुआ समाधान शिविर

(आमनागरिकों ने शिविर में पहुंचकर जानी अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति)

कोरबा 07 मई 2025 – सुशासन तिहार 2025 के तहत आज नगर पालिक निगम के कोरबा जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, प्रभारी आयुक्त श्री विनय मिश्रा एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा शिविर में पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनके निराकृत आवेदनों की स्थिति जानी। इस मौके पर उन्होने विभिन्न हितग्राहियों को राशन कार्डो, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वोटर आईडी का वितरण भी किया।

यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के तहत छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप कोरबा जिले के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभाग यथा निर्माण, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल प्रदाय, राजस्व, संपदा, स्वच्छता, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण आदि के साथ–साथ जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व नजूल, श्रम, खाद्य, निर्वाचन, शिक्षा, आबकारी, सिंचाई, जनसंपर्क, वन, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के स्टाल लगाए गए थे। इसके प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक निगम के सभी जोन में शिविर आयोजित कर आमनागरिको से उनकी मांग व शिकायतो के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त लिए गए थे, वही दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई थी। अब सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में समाधान शिविरों

का आयोजन कर निराकरण किए गए आवेदनों का प्रभारी आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने वाचन कर निराकरण कार्यवाही की जानकारी आवेदनकर्ताओं को प्रदान की गई।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी का कोरबा प्रवास के दौरान पाली ब्लाक के समाधान शिविर के प्रथम दिवस में कोरबा जिले में आगमन हुआ था और माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरबा से ही समाधान शिविर को प्रारंभ किया, माननीय मुख्यमंत्री जी का लगाव कोरबा जिला से अधिक व स्नेहपूर्वक है, इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम कोरबा का यह सुशासन तिहार के तृतीय चरण के पहले समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होने आगे कहा कि अगर किसी व्यक्ति के द्वारा सुशासन तिहार में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली से संबंधित मांग व शिकायत किया जाता है तो शिविर दिनांक से पूर्व इसका निराकरण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों व संबंधित विभाग को दिए। इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार जन–जन तक पहुंचना चाहिए तथा योजना का लाभ पूरे प्रदेश के लोगों को मिले तथा आमजनों की क्या मांगे व क्या शिकायतों कि जानकारी ग्राम स्तर से वार्ड स्तर, मुख्यमंत्री सचिवालय तक पहुंच रही है, इस पर सरकार उचित पहलकर आमनागरिकों को अधिक से अधिक लाभांवित कर सके। जिसके लिए छ.ग. शासन को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूॅं।

इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार ने जनता के लिए नई सोच व योजना लाती है, उसको पूर्ण कराए जाने की जवाबदारी विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी की होती हैं, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण तथा आवेदकों की मांग से संबंधित शिकायतों को सरलता के साथ एवं उनकी परेशानियों को दूर किया गया। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूॅं। इस अवसर पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि संवाद से समाधान तक, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार की पहल से लोगों तक कैसे पहुंचे, सारे विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को उनके समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया, यह एक सराहनीय पहल है, कलेक्टर सर ने सभी आवेदनों को बारिकी से अध्ययन करना और निराकरण करना, आवेदकों को निराकरण तत्काल निराकृत करके आमजनता को समर्पित करना, जिसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बहुत–बहुत धन्यवाद दिया तथा इसी तरह आगे भी निरंतरता, जनसमस्याओं को अधिक से अधिक दूर किया जाए। इस अवसर पर शिविर में उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण का प्रथम दिवस का समाधान शिविर कार्यक्रम का सफल संचालन का आभार प्रदर्शन किया।

______आज शिविर के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य अजय गोंड़, अजय कुमार चन्द्रा, सरोज शांडिल्य, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, पार्षद प्रभा टीकम सिंह राठौर, धनश्री अजय साहू, युगल किशोर, ईश्वर पटेल, टामेश अग्रवाल, सुलोचना यादव, सुषमा रामशंकर साहू, उपायुक्त पवन वर्मा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, राकेश मसीह, प्रकाश चन्द्रा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, अश्वनी दास, सुशील गर्ग, परविंदर सिंह अपनी उपस्थिति प्रदान की।